# इतिहास :– भारत और समकालीन विश्व–1

# कक्षा– नौवीं / इतिहास और बदलती दुनिया

## खण्ड 1: घटनाएँ और प्रक्रियाएँ

## अध्याय–1, फ्रांसीसी क्रांति

**याद रखने योग्य बातें :–**

1. फ्रांसीसी क्रांति की शुरूआत 14 जुलाई, 1789 को पेरिस शहर से हुई।
2. लोगों के समूह ने बास्तील (Bastille) किले की जेल को तोड़ डाला जो लोगों की घृणा का केंद्र था।
3. फ्रांसीसी क्रांति के समय लुई XVI फ्रांस का सम्राट था।
4. फ्रांसीसी क्रांति से पूर्व फ्रांस की वित्तीय स्थिति बहुत खराब थी।
5. 18वीं शताब्दी में फ्रांसीसी समाज तीन एस्टेट में विभाजित था।
6. फ्रांसीसी सम्राट लुई XVI के द्वारा 5 मई, 1789 को एस्टेट्स जेनरल की बैठक बुलाई गई।
7. तीसरे एस्टेट के प्रतिनिधि 20 जून को वर्साय के इन्डोर टेनिस कोर्ट में एकत्रित हुए।
8. 4 अगस्त, 1789 की रात को असेंबली ने करों, कर्त्तव्यों और बंधनों वाली सामंती व्यवस्था के खात्मे का आदेश पारित किया।
9. लोग राजनीतिक क्लबों में अड्डे जमा कर नीतियों पर चर्चा करते थे, इनमें जैकोबिन क्लब सब से सफल रहा।
10. जैकोबिन क्लब का नेता मैक्समिलियन रोबेस्पेयर था।
11. 1791 में नेशनल असेंबली ने संविधान का निर्माण किया जिसका उद्‌देश्य था सम्राट की शक्तियों पर अंकुश लगाना।
12. 21 जनवरी, 1793 को अदालत द्वारा लुई XVI को फांसी दे दी गई।
13. 1793 से 1794 तक की अवधि आतंक का युग कहलाती है।
14. रोबेस्पेयर ने अपनी नीतियों को सख्ती से लागू किया, अंततः जुलाई 1794 में उसे दोषी करार दिया गया और गिलोटिन पर चढ़ा दिया गया।

15. डिरेक्ट्री की राजनीतिक अस्थिरता ने फौजी तानाशाह नेपोलियन बोनापार्ट के उदय का रास्ता खोल दिया।

16. नेपोलियन ने 1804 में स्वयं को फ्रांस का सम्राट घोषित कर दिया।

17. 1815 में वाटरलू की लड़ाई में उसकी हार हुई।

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. फ्रांस की क्रान्ति के समय फ्रांस का सम्राट कौन था?
2. 18 वीं शताब्दी में फ्रांसीसी समाज कितने एस्टेट्स में बंटा हुआ था?
3. कुलीन वर्ग क्या है?
4. फ्रांसीसी समाज का कौन–सा वर्ग सभी कर चुकाता था?
5. ''द सोशल कॉन्ट्रेक्ट'' (The Social Contract) नाम की पुस्तक किस ने लिखी?
6. लुई XVI का संबंध किस राजवंश से था?
7. फ्रांस का राष्ट्रगान 'मार्सिले' किस ने लिखा?
8. गिलोटिन क्या था?
9. एस्टेट्स जेनरल क्या थी?
10. फ्रांस में 1794 तक चलने वाली मुद्रा का नाम बताओ?
11. उपज का दसवाँ भाग जो चर्च द्वारा कर के रूप में लिया जाता था, उस का नाम लिखें?
12. एस्टेट से क्या अभिप्राय है?
13. पादरी वर्ग का क्या काम था?
14. सीधे राज्य को दिया जाने वाला कर कौन सा था?
15. जब जीवित रहने के साधन खतरे में हो तो ऐसी स्थिति को क्या कहते हैं?
16. फ्रांसीसी उपनिवेशों से दास'–प्रथा का उन्मूलन कब हुआ?
17. फ्रांस का महान सेनापति नेपोलियन कब फ्रांस का सम्राट बना?
18. वाटरलू का युद्ध नेपोलियन ने कब लड़ा?

**लघु/दीर्घ प्रश्न (3/5 अंक)**

1. लुई XVI के राज्यारोहण के समय फ्रांस की आर्थिक स्थिति कैसी थी?
2. तीसरे एस्टेट की व्याख्या करो?
3. 4 अगस्त 1789 को नेशनल असेंबली ने क्या आदेश पारित किए?
4. फ्रांसीसी समाज की महिलाओं का जीवन कैसा था?
5. महिलाओं ने अपने हितो की हिमायत कैसे की?
6. जैकोबिन क्लब के सदस्य कौन थे?
7. दुनिया के लिए फ्रांसीसी क्रांति कौन सी विरासत छोड़ गई?
8. नेपोलियन के उदय को कैसे समझा जा सकता है?
9. फ्रांसीसी क्रांति में दार्शनिकों के योगदान का वर्णन करें।
10. 1791 में फ्रांस में बनाए गए कानून की तीन विशेषताएँ बताएँ।

**उत्तर माला**

**1 अंक वाले प्रश्न**

1. लुई XVI
2. तीन एस्टेट में – प्रथम, द्वितीय, तृतीय।
3. अमीर वर्ग को कुलीन वर्ग कहा जाता था। यह द्वितीय एस्टेट का वर्ग था।
4. तीसरा वर्ग।
5. रूसो।
6. बूर्बो राजवंश।
7. कवि रॉजेट दि लाइल ने।
8. गिलोटिन दो खंभों के मध्य लटकती आरे वाली मशीन थी।
9. एस्टेट्स जेनराल एक राजनीतिक संस्था थी जिसमें तीनों एस्टेट्स अपने प्रतिनिधि भेजते थे।
10. लीव्रे (LIVARES)
11. टाइद (TITHE)
12. फ्रांस में समाजी हैसियत को अभिव्यक्त करने वाली श्रेणी।

13. चर्च के विशेष कार्यो को करना।

14. टाइल (प्रत्यक्ष कर) (TAILLE)

15. जीविका संकट

16. 1848 में

17. 1804 में

18. 1815 में

**लघु / दीर्घ प्रश्नों के उत्तर (3 / 5 अंक)**

1. क) राजकोष का खाली होना
   ख) युद्धों के कारण वित्तीय संसाधनों का नष्ट होना।
   ग) शानों शौकत के लिए फिजूलखर्ची।
   घ) दस अरब लिव्रे से अधिक का कर्ज़।
   ड) सरकार से कर्ज़दाताओ की ब्याज की माँग।

2. क) साधारण वर्ग था।
   ख) राजनीतिक अधिकार प्राप्त नहीं थे।
   ग) फ्रांस की क्रांति में विशेषाधिकार वर्ग का विरोध।

3. क) सामंती व्यवस्था का उन्मूलन।
   ख) पादरी वर्ग को अधिकारों को छोड़ देने के लिए विवश किया।
   ग) धार्मिक कर समाप्त।

4. क) जीविका निर्वाह के लिए काम।
   ख) बाजारों में सामान बेचना।
   ग) संपन्न घरों में नौकरी।
   घ) अपने परिवार का पालन–पोषण।
   ड) मज़दूरी पुरूषों से कम।

5. क) राजनीतिक क्लबों और अखबारों की शुरूआत।
   ख) पुरूषों जैसे समान अधिकार प्राप्त हों।
   ग) असेंबली के लिए चुने जाने और राजनीतिक पदो की मांग।

6. क) समाज का कम समृद्ध हिस्सा।

   ख) दुकानदार और कारीगर।

   ग) घड़ीसाज़, दिहाड़ी मज़दूर आदि।

7. क) स्वतंत्रता का विचार

   ख) समानता का सिद्धांत

   ग) बंधुत्व की भावना

   घ) प्रजातांत्रिक विचार

   ड) सामंतवाद का अंत

8. क) 1799 में डिरेक्ट्री के शासन का अंत करके वह फ्रांस का प्रथम काउंसिल बन गया।

   ख) 1793—96 के मध्य पश्चिमी यूरोप पर विजय।

   ग) सत्ता पर कब्ज़े के बाद खोए हुए भूखंड पुनः वापस ले लिए।


   घ) आस्ट्रिया, प्रशा और रूस को परास्त किया।

   ड) समुद्र के ऊपर ब्रिटिश नौसेना पर फ्रांसीसी अपना प्रभुत्व कायम नहीं कर सके।

9.
- उन्होंने क्रांति को विचार प्रदान किया।
- फ्रांस के लोगों को अधिकारों के लिए लड़ने हेतु प्रेरित किया।
- सम्राट के अधिकारों को चुनौती दिया।
- जॉन लॉक ने राजा के दैवीय शक्ति को नकार दिया।
- रूसों ने लोगों और प्रतिनिधियों के बीच सामाजिक करार पर आधरित सरकार का विचार सामने रखा।
- दार्शनिकों ने अपने विचारों को अखबारों द्वारा जन—साधारण तक पहुँचाया।

10.
- राजा की शक्तियों को समाप्त कर दिया गया।
- फ्रांस संवैधानिक गणतंत्र बन गया।
- विधायिका कार्यपालिका और न्यायपालिका में शक्तियों का बँटवारा।
- नेशनल असेम्बली को कानून बनाने का अधिकार
- 25 साल के ऊपर सभी पुरूषों को वोट डालने को अधिकार।

**एस्टेट्स का समाज.**
ध्यान दें कि तृतीय एस्टेट में कुछ लोग धनी हैं तो कुछ निर्धन भी हैं।



# फ्रांसीसी क्रांति –1

**भय की लहर का प्रसार .**

मानचित्र से पता चलता है कि किस तरह किसानों के जत्थे एक जगह से दूसरी जगह फैलते चले गए।

